# मुख्यमंत्री ने किया शहीद सम्मान यात्रा-2 का शुभारम्भ

## बोले-शौर्यगाथा और बलिदान सदैव प्रेरणा देते रहेंगे, बलिदानी के परिजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित, यह यात्रा 4 अक्टूबर तक चलेगी

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को शहीद राइफल मैन नरेश कुमार के गुजराड़ा मानसिंह सहस्त्रधारा रोड स्थित आवास से शहीद सम्मान यात्रा–2 का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा उन अमर बलिदानियों को समर्पित है, जिनकी शौर्यगाथा और बलिदान सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इससे पहले बलिदानी राइफलमैन नरेश कुमार के चित्र पर माल्यार्पण किया फिर शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद नरेश कुमार के परिजनों से भेंट कर उनके आंगन की मिट्टी का भी संग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने बलिदानी के परिजनों को शहीद सम्मान समारोह में शामिल होने का भी आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से देहरादून के गुनियाल गांव मे शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कराया गया है, जिसमें प्रदेश के सभी बलिदानी सैनिकों के घर–आंगन की पवित्र मिट्टी स्थापित की जा रही है। बलिदानियों ने अपना आज हमारे कल के लिए न्यौछावर किया है। उनके त्याग और पराक्रम के कारण ही हम सब सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह गर्व का अवसर है, जब हम उन परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सबसे बड़ा बलिदान दिया। बलिदानी का बलिदान हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक मूल्य त्याग, सेवा और समर्पण में है।

**13 की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनायें चल रही हैं। प्रदेश में वर्ष 2018 से अब तक 28 शहीद आश्रितों को उनकी योग्यता अनुसार नियुक्ति दी जा चुकी है और 13 की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है। शहीदों के परिजनों को एकमुश्त अनुग्रह अनुदान जो पहले 10 लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। इसी प्रकार उत्तराखंड के परमवीर चक्र अलंकृत सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को दी जाने वाली राशि 50 लाख रुपए से बढाकर अब 1.50 करोड़ रुपए कर दी गयी है। देश का पहला राज्य उत्त-राखंड है, जहां पूर्व सैनिकों को ब्लॉक प्रतिनिधि नियुक्त मानदेय दिया है। वर्तमान में यह मानदेय आठ हजार रुपये प्रतिमाह है, जिसे बढ़ाकर दस हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है।

**1734 अमर बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी सैन्यधाम पहुंची: मंत्री गणेश जोशी**

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देहरादून में निर्मित हो रहे सैन्यधाम निर्माण से पूर्व प्रदेश के 1734 अमर बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी सैन्यधाम लाई जा चुकी है। प्रदेश में शहीदों के सम्मान की परंपरा वर्ष 2021 से प्रारम्भ हुई। उस वर्ष जिला एवं राज्य स्तर पर शहीद सम्मान समारोह आयोजित किए गए और शहीद परिजनों को ताम्रपत्र भेंट किए गए। वर्ष 2021 में कतिपय कारणों से 39 शहीद सैनिकों के घर–आंगन की मिट्टी संग्रहित नहीं हो सकी थी। इसके पश्चात 2021 से 2025 के बीच प्रदेश के 32 और वीर सैनिक मातृभूमि पर बलिदान हुए। इन सभी 71 वीरों के सम्मान में हमारी सरकार 25 सितम्बर, 2025 से 04 अक्टूबर, 2025 तक शहीद सम्मान यात्रा आयोजित की जा रही है। मंत्री ने कहा कि यह यात्रा 4 अक्टूबर तक चलेगी और 5 अक्टूबर को शहीद यात्रा रथ को गरिमामय कार्यक्रम के साथ बलिदानियों के परिजनों के साथ लैंसडॉउन रवाना किया जाएगा। वहां आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में शहीद परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। यात्रा के दौरान सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी बलिदानियों के घर जाकर शहीदों के आंगन की मिट्टी कलश में एकत्र करेंगे। यह पवित्र मिट्टी सैन्यधाम के लोकार्पण से पूर्व उसमें सम्मिलित की जाएगी। इस अवसर मेजर जनरल (सेनि) सम्मी सभरवाल, कैप्टन (सेनि) उमादत्त जोशी, कर्नल वैटरन आदित्य श्रीवास्तव, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक बिग्रेडियर (सेनि) अमृत लाल, कैप्टन (सेनि) आनन्द राणा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसरः मुख्यमंत्री



स्वतंत्र चेतना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से न केवल हमारी परंपराओं और स्थानीय उद्योगों को मजबूत करता है बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सहस्त्रधारा क्रॉसिंग बाजार में भ्रमण के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राज्य की सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुकानदारों से साफ-सफाई, ग्राहक सुविधा और बाजार व्यवस्थापन पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत है और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और विधायक उमेश शर्मा काऊ भी मौजूद थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया: मुख्यमंत्री

स्वतंत्र चेतना



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने उपाध्याय की शिक्षाओं और आदर्शों को प्रेरणास्रोत बताया। मुख्यमंत्री धामी ने दीनदयाल पार्क स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और अंत्योदय के संकल्प को राज्य की विकास नीति की प्रेरणा बताया। धामी ने कहा कि उनकी शिक्षाएं और आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समाज के वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारों की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी.एल. संतोष, राजसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक खजान दास सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### आपदा में लापता अंतिम व्यक्ति का शव बरामद

स्वतंत्र चेतना

गोपेश्वर। चमोली जिले के नंदानगर आपदा में लापता नौ वें व्यक्ति का शव गुरूवार को बरामद कर लिया गया है। अब आपदा में लापता लोगों का सर्च आपरेशन समाप्त हो गया है। आपदा प्रभावित क्षेत्र कुंतरी लगाफली, सरपाणी से शेष सात के शव रेस्क्यू टीम की ओर से पूर्व में ही खोज कर उनके परिजनों को सौंप दिए गए थे। हलांकि धुर्मा में बचे दो लापता लोगों में एक (ममता देवी) को बीते मंगलवार को रेस्क्यू टीम की ओर से खोज लिया गया था जबकि गुरूवार को अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह को रेस्क्यू टीम ने काफी मसक्कत के बाद खोजने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार रेस्क्यू टीम ने सभी लापता लोगों की खोज पूरी कर ली गई है। प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों सहयोग से प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सहयोग पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया। राहत कार्य अभी भी जारी हैं।

15 एनडीआरएफ बटालियन की टीम 15/के जिसका नेतृत्व निरीक्षक जीडी राजवर्धन सिंह और अन्य 32 रेस्क्यूअर और दो डॉग स्काउट के साथ लगातार सातवें दिन मोख नदी किनारे सर्च अभियान कर अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह के शव को खोज निकलने में सफलता प्राप्त की। गौरतलब है कि नंदानगर में 17 सितम्बर की रात्रि में अतिवृष्टि के कारण हुई तबाही में दस लोग लापता हो गए थे। इसमें से एक व्यक्ति मलवे में से जीवित निकाल लिया था जबकि आठ लोगो के शव भी बरामद कर लिए गए थे। धुर्मा गांव के लापता व्यक्ति की खोजबीन के लिए लगातार सर्च आपरेश जारी था। गुरुवार को गुमान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह (75) का शव बरामद कर लिया गया हैं। इससे पूर्व मंगलवार को धुर्मा गांव से ही लापता ममता देवी पत्नी विक्रम सिंह (38) का शव भी बरामद किया गया था।

# सहकारी समितियों में शीघ्र होगी 279 कैडर सचिवों की भर्ती

### विशेष थीम आधारित सहकारी मेलों की पुख्ता रखें तैयारी

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। विभागीय मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारी विभाग के अंतर्गत संचालित सहक-ारी समितियों में शीघ्र ही 279 कैडर सचिवों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

सहकारिता मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने गुरुवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने सहकारी समितियों में लम्बे समय से



रिक्त 279 कैडर सचिवों की शीघ्र भर्ती करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। जिसमें रूद्रप्रयाग जनपद में 18, पिथौरागढ़ 24, टिहरी 46, पौड़ी 44, चम्पावत 1, उत्तरकाशी 2, ऊधमसिंह नगर 27, हरिद्वार 21, नैनीताल- अल्मोड़ा 23–23 और चमोली व देहरादून में 25–25 कैडर सचिवों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि कैडर सचिवों की नियुक्ति से प्राथमिक सहकारी समितियों में पारदर्शिता के साथ काम होंगे, साथ ही समितियां आर्थिक रूप भी मजबूत होंगी। इसके अलावा समितियों के कार्यों में तेजी आयेगी जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा। बैठक में मंत्री ने अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक प्रदेशभर में विशेष थीम पर आधारित सहकारी मेलों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेलों की तैयारियों में कोई कमी न रहे और मेलों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड आवास एवं निर्माण सहकारी संघ के कार्यों की भी समीक्षा की। मंत्री ने आवास संघ के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों को प्रगति की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर को मौखिक निर्देश दिये कि वह आवास संघ की ओर से काशीपुर में बनाये जा रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण में भूमि संबंधी प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया जाय। बैठक में आवास एवं निर्माण सहकारी संघ के अधिकारियों ने बताया कि कार्यदायी संस्था के रूप में आवास संघ को अप्रैल 2023 से अब तक 43 करोड़ 87 लाख की लागत के कुल 97 निर्माण कार्य आवंटित किए गए थे। जिनमें से 38 कार्य पूरे कर दिये गये हैं जबकि 59 निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा समेकित परियोजना के तहत 12 कार्य, जिला सहकारी बैंक के तहत 2 कार्य के अलावा गोदाम निर्माण इत्यादि के कार्य प्रस्तावित हैं। बैठक में सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम,निबंधक सहकारिता डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर निबंधक एवं प्रबंध निदेशक आवास संघ इरा उप्रेती,महाप्रबंधक आवास संघ समुन कुमार, विजय,अधिशासी अभियंता मोहसीन अली,डेवलपमेंट ऑ-फिसर रोहित रस्तोगी,सरिता पासी, अंकित जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत उच्च न्यायालय का रजत जयंती समारोह स्थगित

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। राज्य में हाल के दिनों में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों की कठिनाइयों को देखते हुए ने राहत और पुनर्वास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उच्च न्यायालय ने अपनी स्थापना के रजत जयंती समारोह को स्थगित करते हुए इसके लिए प्रस्तावित 1.50 करोड़ रुपये के बजट को वापस करने का निर्णय लिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में आवंटित की जाए ताकि आपदा प्रभावित परि-वारों को सहायता मिल सके।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के स्कूल के रिकार्ड पर कार्तिक लालवानी व आधार कार्ड पर भी कार्तिक लालवानी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र को पीयूष व कार्तिक लालवानी दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है इसलिए मेरे पुत्र को पीयूष उर्फ कार्तिक लालवानी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित करके जन्म प्रमाण पत्र को आफलाईन से आनलाईन किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

**तरूण सिन्धी पुत्र**
**स्व० श्री लक्ष्मी चन्द**
**निवासी–मकान नं० 100 हिल बाईपास रोड खड़खड़ी हरिद्वार, जिला–हरिद्वार**

# मुख्यमंत्री ने उधमसिंह नगर में सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया

## यह निर्माण कार्य तराई क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगाः मुख्यमंत्री धामी

स्वतंत्र चेतना



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को 55 करोड़ की केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के अंतर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा-हल्द्वानी मोटरमार्ग के पुनर्निर्माण एवं मानूनगर-गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा-हल्द्वानी के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य का वर्चुअली शिलान्यास किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह निर्माण कार्य तराई क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना के पूरे होने से सुगम आवागमन के साथ ही व्यापार, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। यह मार्ग गदरपुर, दिनेशपुर, मटकोटा, छतरपुर के साथ उत्तर प्रदेश के विलासपुर को भी आपस में जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के लगभग दो लाख स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राज्य के शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सड़कों की कनेक्टिविटी को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हमें कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कें व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे सीमांत इलाकों तक सड़कों का व्यापक नेटवर्क बन रहा है। डबल इंजन की सरकार दशकों से लंबित कार्यों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण पुनः प्रारंभ कर पूरे तराई क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान किया जा रहा है। खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना के माध्यम से पूरे क्षेत्र में विकास को गति दी जा रही है। सरकार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। के-दारखंड की भांति ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के भी पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोड़ा, प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### किशोरी की मौत के मामले में थानाध्यक्ष व एसआई निलंबित

स्वतंत्र चेतना

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के डांडागैर गांव की किशोरी की मौत के मामले की जांच में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने पोखरी के थानाध्यक्ष और उप निरीक्षक को निलंबन कर दिया है।

गौरतलब है कि डांडागैर गांव की 17 वर्षीय किशोरी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव चार सितम्बर को गौशाला में मिला था। 20 दिन बाद पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि गले में दबाव से किशोरी की मौत हुई है। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष व एसआई को निलंबित कर दिया है। अब मामले की जांच नव नियुक्त थानाध्यक्ष एसएसआई देवेंद्र पंत करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि किशोरी की गला दबाकर हत्मौया की गई। मृतका के पिता ने भी मामले चुप्पी साधी। पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। मामला अब हत्या की धाराओं में दर्ज कर दिया गया है और अपराधी जल्द सलाखों के पीछे होंगे। गांव के प्रधान दीपक कुमार ने कहा 17 वर्षीय अर्चना की मौत को संदिग्ध बताया था और इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की थी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **SNT-SIG-KGFYARD-WeighBr** सिग्नल्लिंग अल्टरेशन एट KGF स्टेशन फॉर E.I.M.W.B | 8356781.27 | 167100.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **SNT-AMC-Medha-EI-MB-2024** कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ ई आई इक्विपमेंट (मेधा मेक) एट 19 स्टेशन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीजन फॉर थ्री इयर्स | 52403264.64 | 412000.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **SNT-SIG-DLP-YARD2023-24** कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसेलिटिस फॉर GCT टो डेवलप्ड एंटीइरेली ओन रेलवे लैंड अत दलपतपुर | 13957254.82 | 219800.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |

नोटः– निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **निविदा सूचना– SNT-Sig-KGF,AMC-Medha,DLP Yard-2023-24 दिनांक 25.09.2025** **2977/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# धामी सरकार 27 जनवरी 2026 को मनाएगी पहला यूसीसी दिवस

## यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराने पर फोकस, यूसीसी दिवस के लिए जिलाधिकारी देंगे कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सुझाव, शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करने वाले ग्राम प्रधानों को किया जाएगा सम्मानित

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड सरकार आगामी 27 जनवरी 2026 को पहला समान नागरिक संहिता (यूसीसी) दिवस मनाएगी। राज्य के सभी जिलाधिकारियों से यूसीसी दिवस के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए सुझाव भी मांगे गए हैं। प्रत्येक जिलों में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य रूप से यूसीसी के अंतर्गत कराने और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुवार को सचिवालय में सचिव गृह शैलेश बगौली ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस दौरान सचिव ने कहा कि आगामी 27 जनवरी 2026 को पहला यूसीसी दिवस मनाया जाएगा, इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में यूसीसी से संबंधित विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी विभिन्न मंचों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और उन्हें प्रोत्साहित करें कि अपने विवाह का पंजीकरण यूसीसी के अंतर्गत कराएं। सचिव ने यह भी कहा कि मानसून के बाद अब ग्राम स्तर तक फिर से यूसीसी से जुड़ी जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए और विशेष शिविर लगाए जाएं। जो ग्राम शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करें,उनके ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन माह में शत–प्रतिशत विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। बैठक में बताया गया कि विवाह पंजीकरण के क्षेत्र में बागेश्वर (63 प्रतिशत), चंपावत (60 प्रतिशत), रुद्रप्रयाग (58 प्रतिशत), पौड़ी गढ़वाल (50 प्रतिशत), उत्तरकाशी और चमोली (49 प्रतिशत) जिले अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अन्य जनपदों को भी इस दिशा में गति तेज करने की आवश्यकता है। सचिव ने सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से भी विवाह पंजीकरण प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जिलाधिकारियों ने अपने–अपने जनपदों में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति की जानकारी देते हुए क्षेत्र विशेष में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में भी बताया।

### नगरपालिका चुनाव करवाने की याचिका पर एकलपीठ करेगी सुनवाई

स्वतंत्र चेतना

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऊधमसिंह नगर जिले के किच्छा में नगरपालिका चुनाव करवाने को लेकर दायर जनहित याचिका सहित सभी अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए एकलपीठ को भेज दिया है। इस प्रकरण पर अब एकलपीठ सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश जी नरेन्दर एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार ऊधमसिंह नगर के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहम्मद यासीन सहित अन्य ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि किच्छा नगरपालिका का विस्तारीकरण वर्ष 2018 में हुआ था। जिसमें सिरौलीकलां, बंडिया, देवरिया व आजादनगर को भी शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगरपालिका के चुनाव हुए, सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18. 19 व 20 व कुछ क्षेत्र वार्ड नंबर 17 को भी किच्छा पालिका में ही शामिल किया गया लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया।


GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
**(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**
**पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 बी शाखा इकाईः आशीर्वाद टॉवर दूसरी मंजिल प्रेम नगर आश्रम के पास, रेमंड्स शो रूम के सामने, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407**

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की ई-नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित। यहाँ आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइ
(जिसे पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित किया गया था) (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे "प्रतिभूत लेनदार" कहा जाएगा) अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी सूचना के अनुसरण में सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री 13/10/2025 को ई-नीलामी के माध्यम से "जहाँ है", "जो है" और "जो भी है" के आधार पर की जाएगी। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **GHFL/**सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट अर्थात **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

| प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम {ए} | मांग सूचना की तिथि और बकाया राशि {बी} | कब्जे की प्रकृति {सी} | विवरण संपत्ति का {डी} | संरक्षित कीमत {ई} | ईएमडी (10% आरपी के) {एफ} | ईएमडी जमा करने की तिथि {जी} | वृद्धिशील बोली {एच} | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय {क} | दिनांक और का समय नीलामी {जे} | ज्ञात भार/न्यायालय मामले, यदि कोई हों {के} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण संख्या HL0017310000 0005050581 &HL001730000 00005041617 मालक सिंह (उधारकर्ता) रश्मि रश्मि (सह-उधारकर्ता) | कुल बकायाः रु. 235354/- ( दो लाख पैंतीस हजार तीन सौ चौवन रुपय मात्र) 10/02/2025 को देय, साथ ही वसूली तक 16.60% प्रति वर्ष ब्याज और रु. 849816/- (केवल आठ लाख उनचास हजार आठ सौ सोलह रुपये) 10/02/2025 को देय, साथ ही वसूली तक 16.60% प्रति वर्ष ब्याज। | भौतिक | आवासीय संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसमें प्लॉट संख्या 43 का एक भूखंड है, जिसका पूर्व में माप 17 फीट, पश्चिम में 17 फीट, उत्तर में 32.83 फीट और दक्षिण में 33 फीट है, जिसका कुल क्षेत्रफल 559.55 वर्ग फीट यानी 52 वर्ग मीटर है, जो पूर्व में वाटर गल, पश्चिम में 18 फीट चौड़ा, प्लॉट संख्या 43 का उत्तरी भाग और दक्षिण में प्लॉट संख्या 44 से घिरा है, खसरा संख्या 80 से संबंधित है, गोकुल धाम फेज-4 गांव गरोवाली परगना ज्वालापुर तहसील और जिला हरिद्वार में स्थित है। और संपत्ति की सीमाएं हैं - पूर्व में वाटर गल, पश्चिम में 18 फीट चौड़ा, उत्तर में प्लॉट संख्या 43 का भाग, दक्षिण में प्लॉट संख्या 44 | रु. 850000 /- (रुपये आठ लाख पचास हजार मात्र) | रु. 85000/- (रुपये पचासी हजार मात्र) | 30-09-2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 27-09-2025 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे) | 13-10-2025 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे) | शून्य |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएं, और अपनी स्वयं की जांच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बकाया और संपत्ति से जुड़े किसी भी अन्य बकाया जैसे सभी वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाने और भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा किया जाना है। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से लॉगिन आईडी और पासवर्ड पहले से प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 संपर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- **delhi@c1india.com** संपर्क नंबर- 9813887931। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को "गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड", बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) जमा करनी होगी। खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड **ICIC0000006**, 20, आर. एन. मुखर्जी रोड- कोलकाता-700001 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से 30/09/2025 तक या उससे पहले आहरित होना चाहिए और अपना नाम **https://www.bankeauctions.com** पर पंजीकृत करना होगा और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करवानी होंगी, ईमेल करनी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी इस पते पर भेजनी होंगीः आशीर्वाद टावर, दूसरी मंजिल, प्रेम नगर आश्रम के पास, रेमंड्स शो रूम के सामने, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407 मोबाइल नंबर +91 9567626050, ईमेल आईडी **rahul.r1@grihumhousing.com**। नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए **https://www.bankeauctions.com & www.grihumhousing.com** पर जाएं।
इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को 15 दिनों का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

**स्थानः हरिद्वार, उत्तराखंड**
**दिनांकः 26.09.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
**(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**